हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

06 त्योंढा रोड पर कार खंभे से टकराई कंजना की पठार...



09 कलेक्टर ने ग्राम सेमलखेड़ी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सेमलखेड़ी ग्राम का भ्रमण किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को सिरोंज तहसील के ग्राम सेमलखेड़ी एवं इसके आश्रित ग्रामों का दौरा कर विभिन्न शासकीय संस्थानों एवं विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। अपने स्थलीय भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा ग्राम पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों द्वारा संधारित की जाने वाली विभिन्न पंजीयों, अभिलेखों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया।

### पाइपलाइन सुधार के उपरांत जलापूर्ति बहाल

**विदिशा।** विकासखंड कुरवाई के ग्राम बरुअल में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत ट्रांसफार्मर स्थापना का कार्य संपादित किया गया था। कार्य के दौरान दो स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित हुई। तत्पश्चात संबंधित पाइपलाइन लीकेज का सुधार कार्य तत्काल कराया गया, जिसके फलस्वरूप योजना द्वारा पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ कर दी गई थी। वर्तमान में योजना से नियमित एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति जारी है।

### अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री का वेबकास्ट आज

**विदिशा।** बाल विवाह मुक्त भारत के 100-दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज सुबह 10:30 बजे देशभर के हितधारकों को नई दिल्ली से लाइव वेबकास्ट के माध्यम से संबोधित करेंगी। जिला व खंड स्तरीय अधिकारी, डीपीओ, सीडीपीओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्यकर्मी, पीआरआई प्रतिनिधि, शिक्षण संस्थान तथा सिविल सोसायटी सदस्यों की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

### ग्यारसपुर से श्रद्धालुओं का जत्था मां नर्मदा परिक्रमा के लिए रवाना

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर तहसील के लगभग 60 श्रद्धालुओं का जत्था बुधवार को मां नर्मदा की पवित्र परिक्रमा के लिए बस से रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, परिजन एवं ग्रामीणों ने सभी श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं जयघोष के साथ भव्य स्वागत, सम्मान व अभिनंदन किया। यह यात्रा लगभग 18 से 20 दिनों की रहेगी, जिसके दौरान जत्था नर्मदा तट पर स्थित प्रमुख तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर मां नर्मदा एवं भगवान भोलेनाथ के दर्शन करेगा। श्रद्धालु प्यारे लाल शर्मा ने बताया कि इस परिक्रमा में भगवान शिव के चार ज्योतिर्लिंगों के भी दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। यात्रा में खाने-पीने, विश्राम सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था बस संचालक द्वारा की गई है।ग्रामीणों ने सभी श्रद्धालुओं के मंगलमय, सुखद एवं सफल यात्रा की कामना की।

**हड़ताली पार्षदों का अनोखा विरोधः विकास की निकाली अर्थी, बड़ा बाजार में किया पुतला दहन**

# विदिशा में मरे हुए विकास की अर्थी पर सर पटक-पटक कर रोए भाजपा पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगर में विकास कार्यों की अनदेखी और जनसमस्याओं के समाधान न होने से आक्रोशित भाजपा समर्थक एवं निर्दलीय पार्षदों ने बुधवार को अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया।

करीब 21 दिनों से गांधी प्रतिमा के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पार्षदों ने नगर के विकास की प्रतीकात्मक अर्थी उठाई और मुख्य मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार तक शव यात्रा निकाली। बाद में विकास का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर नगरपालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान धर्मेंद्र सक्सेना, जमुना कुशवाह, दीपक कुशवाह, अशोक जाट, राजेश लोधी, सतीश यादव, प्रशांत रघुवंशी सहित अनेक पार्षद सहित नगर के नागरिक उपस्थित रहे।



विदिशा। पार्षदों ने माधवगंज से बड़ा बाजार तक निकाली अर्थी, चौराहे पर रखकर फूट फूटकर रोए।

### प्रदर्शन कर रहे पार्षद रोते-बिलखते बोले हाय विकास, हाय विकास

माधवगंज चौराह, कांच मंदिर क्षेत्र में पार्षदों ने विकास की सजाई गई अर्थी के साथ मातम मनाया। सभी हाय-हाय की आवाज में रोते हुए नजर आए। शव यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर बड़ा बाजार पहुंची। यहां व्यापारियों और आमजन की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। पार्षदों ने कहा कि जब उनकी 21 दिनों की शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन की भी सुनवाई नहीं हुई, तब मजबूर होकर यह कदम उठाना पड़ा है। बड़ा बाजार पहुंचकर विकास के पुतले को आग के हवाले किया गया। मौजूद लोगों ने इस अनोखे विरोध प्रदर्शन को सराहा। पार्षदों ने चेतावनी दी कि जब तक नगर में वास्तविक सुधार कार्य शुरू नहीं होते, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### विकास को बताया 'बीमार', अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार

पार्षदों का कहना था कि पिछले तीन वर्षों से नगर का विकास "वेंटिलेटर पर" चल रहा था। टूटी सड़कें, गड्ढों से भरे मार्ग, धूल-मिट्टी, जाम की स्थिति और साफ-सफाई के अभाव के चलते विकास कई गंभीर 'बीमारियों' से पीड़ित हो चुका था। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारी और चुने हुए जनप्रतिनिधि विकास की इस बिगड़ती हालत की सुध नहीं ले रहे थे, जिसके चलते आज इसकी 'मृत्यु' हो गई है। पार्षदों की मांग है कि नगर में सड़कों और सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार हो। जाम और धूल-मिट्टी की समस्या का स्थायी समाधान हो। जनहित की योजनाओं पर गंभीरता से काम किया जाए। अधिकारियों व जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय हो।

# हर महीने होगी समीक्षा, निर्माण कार्यों की निगरानी करेगी टीम

### नगर विकास को लेकर विधायक ने ली बैठक



विदिशा। बैठक के दौरान निर्देश देते हुए विदिशा विधायक मुकेश टंडन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर के विकास को गति देने और वार्ड स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए विधायक मुकेश टंडन ने बस स्टैंड स्थित नपा के सभागार में मंगलवार को एक बैठक ली। जिसमें नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा पार्षद, प्रतिनिधि, नपा सीएमओ मौजूद रहे।

विधायक मुकेश टंडन ने पार्षदों से उनके वार्डों की समस्याओं और लंबित विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने सभी पार्षदों से दो से तीन अति आवश्यक कार्यों की जानकारी प्राप्त कर इंजीनियरों को 15 दिन में तकनीकि स्वीकृति कराकर प्रकरण विधायक के समक्ष रखे जाने के निर्देश दिए हैं। विधायक ने सफाई व्यवस्था सुधारने, कर्मचारियों की कमी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त तैनाती करने और स्ट्रीट लाइट लगवाने, सीवेज और पाइपलाइन से जुड़ी शिकायतों का समाधान करने करने के निर्देश बैठक में दिए हैं।

### पीएम आवास के आवेदन मंजूर किए जाएंः विधायक

विधायक टंडन ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को समय पर भुगतान मिले और लंबित आवेदनों को जल्द मंजूरी दी जाए। बैठक में यह भी तय हुआ कि नगर पालिका अधिकारी और इंजीनियर पार्षदों से मिलने के लिए निर्धारित समय तय करेंगे, ताकि जनता की समस्याओं का तुरंत निराकरण हो सके।

### हर महीने होगी बैठक

अब हर महीने शहर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। हर मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण तय करने के निर्देश भी दिए गए। अमृत भारत मिशन के तहत शहर में सीवेज और पानी की नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है। विधायक ने निर्देश दिए कि जिन इलाकों में काम होना है, वहां बोर्ड लगाकर लोगों को जानकारी दी जाए। निर्माण कार्यों के लिए निगरानी टीम बनाने और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की बात विधायक ने कही है।

# कलेक्टर ने छात्रावास में सुविधाओं और दैनिक गतिविधियों की जानकारी जुटाई

### छात्रावासीय बच्चों से किया संवाद, कम्प्यूटर दिलाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास, मुगलसराय का निरीक्षण कर छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके शैक्षणिक प्रबंधन, भोजन, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति जानी। विद्यार्थियों द्वारा कंप्यूटर की मांग रखे जाने पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को कंप्यूटर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन, लक्ष्य निर्धारण और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कंप्यूटर ज्ञान की महत्ता बताई तथा प्रतिदिन अखबार पढ़ने की सलाह दी। कलेक्टर गुप्ता ने परिसर को स्वच्छ रखने एवं किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश भी दिए, जिससे बच्चों को ताज़ी सब्जियां मिल सकें। उन्होंने छात्रावास प्रशासन को व्यवस्थाएं बेहतर बनाने और विद्यार्थियों के हित में संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए। यह पहल छात्रों की आवश्यकताओं को समझने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



### जिपं अध्यक्ष के प्रोटोकॉल का उल्लंघन, होगी जांच

**विदिशा।** संयुक्त संचालक पचायत राज संचालनालय ने जिपं सीईओ को पत्र जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि गंजबासौदा नटेरन और विदिशा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी के प्रोटोकाल का पालन नहीं किया जा रहा। कार्यक्रमों में आंमत्रण न देने, शिलालेखों पर नाम अंकित न करने एवं स्कूलों के कार्यक्रमों में आमंत्रित न करने की जांच कर 15 दिन में अवगत कराने निर्देश दिए गए हैं।

### संतोषपुर गोशाला बेहतर प्रबंधन का उदाहरण बनी

**विदिशा।** सिरोंज विकासखंड की ग्राम पंचायत संतोषपुर स्थित नंदनी गोशाला बुधवार को जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता के आकस्मिक निरीक्षण में बेहतर प्रबंधन का उदाहरण बनी। निरीक्षण के दौरान गोशाला में 152 गौवंश सुरक्षित एवं संरक्षित पाए गए, जिन पर टैगिंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था थी। भूसा-चारे का पर्याप्त भंडारण भी सन्तोषजनक मिला। गोशाला संचालक ने बिजली, पेयजल और चरनोई भूमि की कमी की जानकारी दी, जिस पर कलेक्टर ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसीलदार को चरनोई भूमि उपलब्ध कराने और जनपद सीईओ को पेयजल समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश जारी किए गए।

# 5 संकल्पों के साथ जनजागरण का संदेश देने निकाली हिंदू संगम यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सकल हिंदू समाज द्वारा बुधवार को भव्य हिंदू संगम यात्रा वाहन रैली का शुभारंभ रंगई स्थित हनुमान मंदिर से साधु-संतों की उपस्थिति में ध्वज पूजन के साथ किया गया।

दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों का विशाल काफिला गांव-गांव पहुंचकर समाज में जागरूकता का संदेश देगा। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को पांच प्रमुख संकल्प पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवनशैली, नागरिक शिष्टाचार और सामाजिक समरसता के प्रति प्रेरित करना है। आयोजकों ने बताया कि रैली के माध्यम से पानी बचाने, पॉलीथिन मुक्त वातावरण, पेड़ लगाने, परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की जा रही है। साथ ही संविधान प्रदत्त कर्तव्यों के पालन और जातीय भेदभाव मिटाकर समाज में एकता स्थापित करने का संदेश दिया जाएगा। साधु-संतों और पदाधिकारियों ने कहा कि यह यात्रा ग्राम स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा सांस्कृतिक चेतना जगाने का माध्यम बनेगी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**मंगलवार रात यातायात पुलिस ने चौराहे पर अभियान चलाया**

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की कार्रवाई, तीन सवारी, बिना हेलमेट पर विशेष फोकस, अभियान 10 दिसंबर तक

**तेज रफ्तार वाहन चलाने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार रात यातायात पुलिस ने स्वामी विवेकानंद चौराहे पर विशेष जांच अभियान चलाया। इसमें दोपहिया चालकों के चालान काटे गए। तीन सवारी बैठाने, बिना हेलमेट, बिना बीमा, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने और तेज रफ्तार जैसे नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कई वाहन चालकों के चालान बनाए गए और कई को नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। कुछ लोगों ने चालान से बचने के लिए बहाने बनाए, लेकिन पुलिस ने किसी भी बहाने पर ध्यान न देते हुए सख्ती से कार्रवाई की। यह अभियान 10 दिसंबर तक जारी रहेगा।



### 20 चालकों पर जुर्माना

यातायात प्रभारी आशीष राय ने बताया कि स्वामी विवेकानंद चौराहे पर 20 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। यातायात प्रभारी ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें। नाबालिग का वाहन चलाना कानूनन अपराध है और दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकता है। अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को यातायात नियमों के प्रति सचेत रखें।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1410
उच्चतम भाव-5225
सरसों
न्यूनतम भाव-6272
उच्चतम भाव-7860
चना
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव- 5430
मसूर
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-6280
ज्वार
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-5700
मक्का
न्यूनतम भाव-1090
उच्चतम भाव- 2625
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3180
धान
न्यूनतम भाव-1450
उच्चतम भाव-3495
गेंहू
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3151
धनिया
न्यूनतम भाव-7700
उच्चतम भाव-7700
उड़द
न्यूनतम भाव-1210
उच्चतम भाव-5880
मूंग
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-5100

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 36248 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### आज धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव



**गंजबासौदा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री दत्त जन्मोत्सव गुरुवार को शाम 7:30 बजे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से सपरिवार व ईष्ट मित्रों के साथ गणेशपुरा, वार्ड नंबर 18, अनिल अभ्यंकर निवास पर शामिल होने की अपील की गई है। वहीं दत्त मंदिर पुरानी नगरपालिका के पीछे सुबह 9 बजे अभिषेक, पादुका पूजन, दोपहर 12 बजे जन्म, और शाम 7:30 बजे आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया जायेगा। दिलीप कुमार देसाई, संदीप कुमार देसाई सहित समस्त देसाई परिवार ने स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# विभिन्न मांगों को लेकर भाकिसं ने दिया ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय किसान संघ ने बुधवार दोपहर विद्युत कंपनी कार्यालय पहुंचकर किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने पर विरोध प्रदर्शन किया। संघ ने अपनी समस्याओं को लेकर कंपनी के अधिकारियों और एसडीएम संतोष बिटोलिया को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग की।

संघ ने ज्ञापन में बताया कि शासन के आदेशानुसार सिंचाई के लिए 10 घंटे निर्बाध बिजली मिलनी चाहिए, लेकिन फॉल्ट, कटौती और लोड सेटिंग जैसे कारणों से किसानों को केवल 7-8 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उन्होंने मांग की कि कटी हुई बिजली की पूर्ति अतिरिक्त समय बढ़ाकर की जाए। किसानों ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप दिन में 10 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की। उन्होंने मॉडिफाइड सप्लाई प्लान ग्रुप C के फीडरों के लिए तय समय को अव्यवहारिक बताते हुए उसे बदलकर दिन में सप्लाई देने की बात कही। इसके अतिरिक्त, जले हुए ट्रांसफार्मर और क्षतिग्रस्त लाइनों को समय सीमा में ठीक करने की भी मांग की गई। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि बिजली विभाग द्वारा 10 HP के कनेक्शन को 11 HP, 7 HP को 9 HP और 5 HP को 7 HP करके किसानों पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। किसानों के पास मोटर के बिल होने के बावजूद यह बदलाव अनुचित है और अतिरिक्त बिलिंग को तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि किसान की आवश्यकता और पानी की उपलब्धता के आधार पर 2 या 3 माह के अस्थाई कनेक्शन दिए जाएं, न कि जबरन 4 माह का भार थोपा जाए। भारतीय किसान संघ ने बताया कि इन समस्याओं के संबंध में पूर्व में भी डीई को अवगत कराया गया था, लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ। भारतीय किसान संघ ने सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो वह आंदोलन करने पर बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन, प्रशासन की होगी।

## प्रतिबंध के बाद रात्रि 10 बजे के बाद तेज आवाज में बज रहे डीजे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस अभिभाषकों ने डीजे संचालकों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम संतोष बिटोलिया को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि नगर में आए दिन सांस्कृतिक एवं विवाह समारोह में तेज आवाज में डीजे बजाये जा रहे हैं। जिससे उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का खुलेआम नगर की सीमांतर्गत उल्लंघन हो रहा है। उच्च न्यायालय ने डीजे साउण्ड लिमिट 35 डेसीबल का मानक तय किया है तथा रात 10 बजे के बाद डीजे एवं गायन आदि मैरिज गार्डन पर बजाये जाते हैं पूर्णतः प्रतिबंधित है। फिर भी तय मानक से अधिक आवाज में डीजे बजाया जाता है। जिससे आम नागरिक व आस पास रहने वाले रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर में 10 वी, 12वीं की परीक्षाओं का समय नजदीक है एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं भी चल रही हैं। डीजे के अधिक साउण्ड के कारण विद्यार्थीयों को पढ़ाई करने में परेशानी आ रही है।

नगर में जो बुजुर्ग हृदय रोग से पीडित है उनके लिये डीजे की आवाज मृत्यु कारक साबित हो सकती है, डीजे फ्लोर जो शादी गार्डन मे चल रहे हैं वह भी तय मानक से अधिक आवाज मे बजाये जाते हैं। उनको भी उच्च न्यायालय के निर्देशो का पालन कराने की हिदायत दी जाऐ। नगर में प्रतिदिन व्यवसायिक प्रचार प्रसार ई रिक्शा व ऑटो रिक्शा के माध्यम से किया जाता है उसकी ध्वनि भी मानक ध्वनि से अधिक तीव्र रहती है, जो शहर के नागरिको के लिये व स्कूल, कॉलेज आदि में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये भी हानिकारक है। जिसकी प्रतिदिन पुलिस प्रशासन द्वारा निगरानी की जावे एवं नियमो का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जाऐ।

### दो अलग-अलग स्थानों पर हुई वाहन दुर्घटनाएं घटित

# त्योंदा रोड पर कार खंभे से टकराई कंजना की पठार पर ट्रक पलटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पिछले चौबीस घंटों में नगर में दो अलग अलग स्थानों पर वाहन दुर्घटनाऐं घटित हुईं। बीती रात त्योंदा रोड पर एक मारुति ओमनी वेन विद्युत खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी के आगे अनाज से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इनमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया है। वहीं दूसरे मामले में वाहन चालक बाल बाल बच गया।

जानकारी के अनुसार नगर के त्योंदा रोड स्थित स्वरूप नगर बैतोली क्षेत्र में पंचायत भवन के पास मंगलवार देर रात एक चार पहिया वाहन खंभे से टकराकर अनियंत्रित हुआ और दीवार में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जन चि कि त सा ल य लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया। वही नवीन कृषि उपज मंडी के सामने स्थित शिव शंकर वेयरहाउस के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाईनुमा गड्ढे में गिर गया। घटना बुधवार सुबह की है। गेहूं से भरा ट्रक क्रमांक MP 09 HH 9809 वेयरहाउस से निकल रहा था तभी हादसा हो गया। हादसे में ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और गेहूं के बोरे खाई में बिखर गए। जबकि ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक चालकों ने बताया कि वेयरहाउस तक पहुंचने का रास्ता काफी खराब, कच्चा और संकरा है। हर दिन दर्जनों ट्रक इस वेयरहाउस से माल लाने-ले जाने का कार्य करते हैं। इस मार्ग के दोनों ओर खाईनुमा गड्ढे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इस मार्ग पर न तो रेलिंग लगी है और न ही इसका चौड़ीकरण किया गया है। इससे चालकों को हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। घटना केबाद मजदूर बुलाकर बोरों को हटवाया गया।

## सांसद खेल महोत्सव में वार्ड 21 ने वार्ड 23 को 9 विकेट से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत बुधवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय खेल मैदान में नगर मंडल की दो टीमों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें वार्ड नं. 21 ने वार्ड 23 को हराकर टूर्नामेन्ट के अगले चरण में प्रवेश किया है। वार्ड 21 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वार्ड 23 से बल्लेवाजी करने आये राजेश यादव और नवीन गौड ने पहले दो ओवर में सधी हुई शुरूआत की, लेकिन वार्ड क्रमांक 21 के गेंदबाजों की कसी हुई बोलिंग के बाद पूरी टीम मात्र 68 रन बनाकर आलआउट हो गई। वार्ड क्रमांक 21 की ओर से बल्लेबाजी करने उतरे अजहर और लक्की ने शानदार खेल दिखाते हुये 5.3 ओवर में ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया और वार्ड नं. 21 की टीम ने 9 विकेट से यह मैच जीत लिया। मैच उपरांत टीमों को प्रमाण-पत्र दिये गये। इस अवसर पर वार्ड 23 के पार्षद, वार्ड 21 पार्षद नारायण सोनी, नगर मंत्री देवेन्द्र प्रजापति सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने वाहन चैकिंग अभियान चलाया

**गंज बासौदा।** बुधवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा त्योंदा रोड पर बैतोली स्वरूप नगर क्षेत्र, जय स्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को रोका गया जो तीन सवारी बैठाए हुए थे, हेलमेट नहीं लगाए हुए थे, दो पहिया वाहन की नंबर प्लेट टूटी हुई थीं या लगी नहीं हुई थीं। ऐसे वाहनों को रोककर चालक का ड्रायविंग लायसेंस, वाहन के आवश्यक दस्तावेज देखे गए। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 21 वाहन चालकों से 7200 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वाहन चैकिंग के दौरान यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, नाबालिगों को वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने आदि की समझाईश दी गई।

## विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में न्यू ओलंपिक उमा विद्यालय ग्राम महागौर में बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मुख्य रुप से उपस्थित रहीं। शिविर में बाल अपराधों की ओर ध्यान आकर्षित कर उनसे सजग रहने एवं मोबाइल पर हो रहे साइबर अपराध के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया, साथ ही साथ बाल विवाह निषेध अधिनियम, संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, शिक्षा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के संदर्भ मे जानकारी प्रदान की गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एड. राजेश सक्सेना, सुनील बाबू पिंगले, स्कूल डायरेक्टर सुभाष चंद्र बघेल, प्रिंसिपल मीना रघुवंशी, दिलीप कुमार, तोशी जखलोनिया, आनंद यादव, आशीष कटारे, जीवन मोंगिया सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## सैंट एसआरएस स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रक्त सेवा समिति के आह्वान पर स्थानीय सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में रक्तदान महादान को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रक्तदान, महादान को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने रक्तदान को लेकर मन की कल्पनाओं को रंगों से आकार दिया। रंगों के संयोजन से पेंटिंग से न केवल छात्रों ने कलात्मक प्रतिभा को प्रकट किया, बल्कि खूबसूरत ढंग से रक्तदान का प्रेरक संदेश भी छात्र समूह के बीच पहुंचाया। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, कोऑर्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता, एनएसएस अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, दिनकर कद्रे, मनोज श्रीवास्तव सहित शिक्षक परिवार ने बच्चों द्वारा तैयार खूबसूरत, आकर्षक और प्रेरक रक्तदान विषय पर तैयार पेंटिंग्स की सराहना की। इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने बच्चों को बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से प्रतिभाओं का उभार होता है, वहीं जन जाग्रति भी आती है। शहर की रक्त सेवा समिति द्वारा समाजसेवी राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में शहर ही नहीं, प्रदेश के कई हिस्सों में रक्तदान कर अनेक लोगों की जान बचाई गई है। प्रतियोगिता में कंगना कुर्मी, समीक्षा अहिरवार, अक्षत रघुवंशी, समीक्षा साहू, प्रियांशु तिवारी, खुशी अहिरवार, तनिष्का अहिरवार ने सराहनीय पेंटिंग बनाकर मन मोह लिया।




### स्कॉलर्स हायर सेकंडरी स्कूल एवं कृषि महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# कार्यक्रम के दौरान नैतिक मूल्य के महत्व के संबंध में दिया व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा गौरवपूर्ण वृद्धा अवस्था एवं सम्मानित जीवन अखिल भारतीय अभियान के अंतर्गत न्यू स्कॉलर्स हायर सेकेंडरी स्कूल एवं कृषि महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नंदिनी दीदी द्वारा ब्रह्माकुमारी संस्था कि गतिविधियों के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी द्वारा नैतिक मूल्यों के बारे में समझाया गया।

उन्होंने नैतिक मूल्य के महत्व के संबंध में व्याख्यान दिया तथा उनके महत्व को समझाया साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा समाज सेवा प्रभाग ब्रह्माकुमारीज़ के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत, एक राष्ट्रीय पहल प्रारम्भ की गई है जिसका उद्देश्य हैः वरिष्ठ नागरिकों का सशक्तिकरण, पीढ़ियों के बीच सौहार्द एवं समझ को मजबूत करना, समाज में सम्मान, गरिमा एवं संवेदनशील के प्रति जागरूकता बढ़ाना। प्रत्येक व्यक्ति को अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। इसके बारे में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया दीदी ने वर्तमान स्थिति को सभी के बीच जाहिर करते हुए कहा कि कल विदिशा जिले की ही घटना है जिसमें वृद्ध माता-पिता को बेटे और बहू के द्वारा घर से बाहर निकाल दिया गया जो सभी पेपर में प्रकाशित भी हुआ है। ऐसी घटनाएं हजारों हैं हमें कलयुग के श्रवण कुमार नहीं बनना है जो ऑटो में बिठाकर सड़क पर छोड़ आएं, हमें वह श्रवण कुमार बनना है जो अपने कंधे पर बिठाकर माता-पिता को सारी दुनिया की सैर करा दे। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने अपने व्याख्यान में बताया कि तनाव प्रबंधन हेतु कौन-कौन से मेडिटेशन करने चाहिए। साथ ही उन्होंने उन मेडिटेशन के बारे में विद्यार्थी को विस्तार से बताया। मेडिटेशन के अभाव में विद्यार्थियों में बढ़ता मानसिक तनाव, मानसिक बीमारी एवं आत्महत्या आदि समस्याएं हो रही है तथा विद्यार्थी लगातार अपने लक्ष्य को प्राप्त न करने के कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक समस्याओं से जूझ रहे है। जिसका प्रेक्टिकल अनुभव कराते हुए सभी को दस मिनिट मेडिटेशन भी कराया। प्राचार्य राहुल पाणिकर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में व्यक्ति समाज में एकांकी व अलगाव महसूस कर रहा है। ऐसी परिस्थितियों में विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह मेडिटेशन करें। इस प्रकार के आयोजन हमारे स्कूल में आप सदा करते रहें जिससे बच्चों को नई सीख व नैतिक मूल्यों का अपने जीवन में समावेश करने का अवसर मिले। अंत में कृषि महाविद्यालय के डीन वीके गर्ग ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यार्थी मौजूद रहे।

### 25 वां वार्षिक मां अन्नपूर्णा महोत्सव आज

**गंजबासौदा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी माँ अन्नपूर्णा का भव्य महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुरुवार को वेदसुधा परिवार एवं मां अन्नपूर्णा मंदिर सेवा समिति और भक्तगणों के तत्वावधान में बैहलोट स्थित मंदिर में मां भगवती अन्नपूर्णा कुमकुमादि अर्चन, पूर्ण आहुति सुबह 8 बजे की जाएगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से प्रसादी वितरण किया जाएगा। जबकि शाम को 7 बजे महाआरती 2100 दीपकों द्वारा देवनगरी बैहलोट, माँ अन्नपूर्णा मंदिर में की जाएगी। आयोजन समिति ने सभी भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होकर माँ अन्नपूर्णा का आशीर्वाद लेने एवं प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## मदनी के बेतुके बयान की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुडे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने कहा हाल ही में मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिए गए उन बयानों की कड़ी निंदा करते है, जिनमें उन्होंने देश के मुसलमानों को उकसाने, भड़काने और जिहाद जैसे कट्टरपंथी शब्दों का प्रयोग करने की कोशिश की है। ऐसे बयान न केवल देश की एकता, सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था के लिए खतरनाक हैं, बल्कि मुस्लिम समुदाय की छवि खराब करने वाले भी हैं। भारत का मुस्लिम समाज शांति, भाईचारे, कानून और संविधान पर विश्वास रखता है। हम किसी भी प्रकार के उकसावे, नफ़रत या कट्टरपंथ का समर्थन नहीं करते।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि वंदे मातरम भारत का राष्ट्रीय गीत है। इसकी निंदा करना, इसका विरोध करना या इसके माध्यम से मुसलमानों को भड़काना हमारे संविधान के मूल्यों और हमारे पूर्वजों के संघर्ष का अपमान है। कुछ व्यक्तियों के उकसाऊ बयान पूरे समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते। इस तरह की बयानबाज़ी केवल देश में माहौल खराब करने का प्रयास है। जिसकी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सख्त शब्दों में निंदा करता है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सरकार से भड़काऊ बयानों का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करें।

कादरी ने कहा वंदे मातरम' राष्ट्रीय गीत है और इसे गाना इस्लाम के खिलाफ नहीं है। इसी तरह के राष्ट्रीय गीत सभी इस्लामिक मुल्को में गाऐ जाते हैं और वहां उलेमा मौलाना हदीस कुरान के जानकार हिंदुस्तान से ज्यादा दीन पढ़े लिखे है। भारत के मौलानाओं को इंडोनेशियाई उलेमा हजरात से सीख लेनी चाहिए जहां नोट पर गणेश जी, हवाई जहाज पर गरूण जी विराजमान हैं। जहा हर मोहल्ले में रोज रामायण होती है और उसके मंचन में सभी पात्र मुस्लिम ही होते हैं।

**जाहिर सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार ने विक्रेता मोनू कुशवाह, धर्मेन्द्र कुशवाह, गोलू कुशवाह, सोनू कुशवाह, वीरसिंह कुशवाह, जमना पुत्रगण श्री परसू कुशवाह निवासीगण ग्राम नसीदपुर तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. से ग्राम बूचाखेड़ी प.ह.न. 39 तहसील बासौदा जिला विदिशा म.प्र. से आराजी क्रमांक 23 रकवा 0.648 हे. आ.क. 37 रकवा 1.411 हे. कुल किता 02 कुल रकवा 2.059 हे. सिंचित भूमि कय करने का अनुबंध किया है जिसकी चतुरसीमायें इस प्रकार हैः-
पूर्व दिशा में- भूमि नीलेश चतुर्वेदी की, पश्चिम दिशा में- भूमि मूलचंद अहिरवार, उत्तर दिशा में- भूमि मुन्ना की, दक्षिण दिशा में- आराजी कमांक 21 स्थित है।
यदि किसी को कोई आपत्ति हो किसी के पास कोई अनुबंध, रजिस्टर्ड अनुबंध, बंधक, बैंक बंधक गिरवी, हित निहित यदि हो तो मेरे कार्यालय में आकर 10 दिवस के अंदर संपर्क करें अन्यथा मेरे पक्षकार के हित में विक्रयपत्र का निष्पादन करा दिया जावेगा इसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय- **राकेश अरोरा,** एडवोकेट
गोविन्दपुरा वार्ड नं. 17 गांधी चौक गंजबासौदा
जिला- विदिशा (म.प्र.) मो. 9827327988

## बेहतर प्रबंधन का उदाहरण बनी संतोषपुर गोशाला, कलेक्टर ने की सराहना

# कलेक्टर ने ग्राम सेमलखेड़ी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को अधिक सुदृढ़ और संवेदनशील बनाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

बुधवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज तहसील के ग्राम सेमलखेड़ी एवं इसके आश्रित ग्रामों का दौरा कर विभिन्न शासकीय संस्थानों एवं विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। अपने स्थलीय भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने शाला,आंगनबाड़ी केंद्र,उप स्वास्थ्य केंद्र,शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा ग्राम पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों द्वारा संधारित की जाने वाली विभिन्न पंजीयों, अभिलेखों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। कलेक्टर ने व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं संवेदनशील बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

**कलेक्टर ने ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुना-** दौरे के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और इनके त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर का यह निरीक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय व्यवस्थाओं को मजबूत करने तथा जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने छात्रावास के बच्चों को प्रतिदिन अखबार पढ़ने की दी सलाह








**नंदनी गोशाला समिति की सराहना**

सिरोंज विकासखंड की ग्राम पंचायत संतोषपुर में स्थित नंदनी गौशाला की समिति के कार्यों का कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 152 गौवंश सुरक्षित एवं संरक्षित पाए गए। सभी गौवंशों पर टैग लगाए गए थे तथा भूसा-चारे का समुचित भंडारण भी सुव्यवस्थित रूप से उपलब्ध था। वही निरीक्षण के दौरान गौशाला संचालक द्वारा बिजली, पेयजल तथा चारागाह हेतु चरनोई भूमि की कमी के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने तत्काल निर्देश जारी करते हुए तहसीलदार सिरोंज को गौशाला हेतु उपयुक्त चरनोई भूमि चिन्हित कर सुपुर्दगी में देने के संबंध में निर्देश दिए।

**छात्रावासीय बच्चों से किया संवाद कंप्यूटर दिलाने का आश्वासन**

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने छात्रावास में सुविधाओं, शिक्षा प्रबंधन और दैनिक गतिविधियों की ली जानकारी ली। वही उन्होने आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास, मुगलसराय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से विस्तारपूर्वक संवाद कर शैक्षणिक प्रबंधन, रहन-सहन, भोजन, स्वच्छता व बुनियादी सुविधाओं की अद्यतन स्थिति जानी। वही विद्यार्थियों की कंप्यूटर की आवश्यकताओं और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना।

**विद्यार्थियों को अखबार पढ़ने की दी सलाह**

कलेक्टर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे नियमित रूप से मन लगाकर पढ़ाई करें, अपने लक्ष्य स्पष्ट रखें और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। विद्यार्थियों को प्रतिदिन अखबार पढ़ने की सलाह दी, जिससे सामान्य ज्ञान बढ़ेगा और दुनिया में हो रहे परिवर्तनों की जानकारी मिलती रहेगी। कलेक्टर ने बच्चों से उनके भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में भी चर्चा की तथा तैयारी कैसे करें, इस पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने छात्रावास परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने परिसर में सब्जी उत्पादन (किचन गार्डन) शुरू करने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों को ताज़ी एवं पौष्टिक सब्जियाँ उपलब्ध हो सकें।

# महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान एवं परिचर्चा का आयोजन




**सिरोंज।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्याख्यान तथा परिचर्चा का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर महेश चन्द्र परमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. शिवकुमार यादव ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एड्स रोग की पहचान, लक्षण तथा उसके रोकथाम के उपाय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी डॉ. जुगराज जाटव ने विद्यार्थियों में एड्स के प्रति जागरूकता लाने हेतु विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने कहा कि एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की प्रतिरोधक क्षमता कम होने से शरीर अन्य बीमारियों का घर बनता है।

## कुशवाह समाज ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** विगत दिनों पूर्व विदिशा जिले के गुलाबगंज में कुशवाह समाज के एक परिवार पर धार धार हथियारों से मारपीट की गई। जिसमें महिलाएं और नाबालिक बालिकाएं बुरी तरह से घायल हुई और एक बालिका के सिर मे 28 टांके आए हैं। वही परिवार के 8 लोग घायल हुए। सभी का इलाज मेडिकल कॉलेज विदिशा में चल रहा है। वही आरोपियों में शोरभ शर्मा और बंटी उपाध्याय,मनोज उपाध्याय,छोटू उपाध्याय और अन्य साथियों ने मिलकर रात्रि में पूरे परिवार के साथ बुरी तरह से मारपीट की। इस घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो,जबकि पुलिस ने बराबर धाराओं में केश बना दिया है।



## समय पूर्व 100% पूर्ण कार्य पर नपा कर्मियों का किया सम्मान

**सिरोंज।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय विदिशा के एसआईआर कार्य में नपा परिषद के कर्मचारी महेश पंथी एवं संदीप सुमन द्वारा एसआईआर कार्य समय पूर्व 100 % किया। इसमें सीएमओ राम प्रकाश साहू एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सचिन व नपा अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा दोनों कर्मियों का एसआईआर कार्य को समय से पूर्व सत प्रतिशत करने पर सम्मानित किया। सीएमओ साहू के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने सौंपा ज्ञापन, मुरारी की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सागर जिले की रहली तहसील के ग्राम मडिया निवासी मुरारी पांडे उर्फ़ झंडू पांडे का 5.55 मिनिट का एक वीडियो वायरल हुआ। उक्त वीडियो में वो कुर्मी समाज व किसानों को गलियां बकते नजर आ रहे हैं। साथ ही धमकी भी दे रहे है कि वीडियो पुलिस को दिखा देना, जो बने सो कर लेना। इस वीडियो के वायरल होने के बाद समस्त प्रदेश के कुर्मी समाज में रोष व्याप्त है। समाजजनो द्वारा हर जगह ज्ञापन देकर समाज में बेमनस्यता फैलाने वाले दोषी मुरारी पांडे को दण्डित करने की मांग की जा रही हैं। इसी क्रम में सिरोंज कुर्मी क्षत्रिय समाज ने तहसील कार्यालय पहुचकर कार्यवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। वही ज्ञापन में कहा कि वायरल वीडियो में मुरारी पांडे ने कई बार कुर्मी समाज को गलियां बकी जिससे लगता है कि समाज विशेष के प्रति उसके मन में भारी दुराग्रह हैं। देश में सभी समाजो के लोग आपस में मिलकर रहते हैं, मुरारी पांडे के बोल वचन सामाजिक ताने बाने को तोड़ने वाले हैं ओर हिंसा को बुलावा देते हैं। इसलिए शासन को ऐसे मानसिक आतंकवादी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करना चाहिए। जिससे समाज में शांति बनी रहे। वही राज्यपाल के नाम दिए गए ज्ञापन में मांग की गईं कि समाज में उन्माद फैलाने वाले मुरारी पांडे को तत्काल गिरफ्तार किया जाए अन्यथा जिले भर में उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर कुर्मी समाज के ज़िला अध्यक्ष भैरो सिंह कुर्मी, संतोष चौर, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी, भागीरथ कुर्मी,किन्नर सिंह,नवल कुर्मी, महेश कुर्मी, लक्ष्मण सिंह कटियार, रामचरण, वीर सिंह, झार सिंह, नरेन्द्र पाटीदार सहित बडी संख्या में कुर्मी समाज के लोग शामिल रहे।

# संत निलेश चंद्रजी के आशीर्वाद लेने पहुंचे मंत्री सरनाईक राजकीय जगत में भूचाल आने के बारे में दिया संकेत

**सिरोंज।** कबूतरों और मारवाड़ी समाज के लिये हक्क की लड़ाई लड़ने वाले राष्ट्रीय संत निलेश चंद्र मुनि के दर्शन करने महाराष्ट्र के मंत्री प्रताप सरनाईक भायखला में कासा एमरल्ड इमारत में पहुचे थे। वही मंत्री ने बताया कि मैं जैन मुनिश्री की वाणी से बहुत प्रभावित हूं। समाज में एकता का वो अनमोल संदेश दे रहे है। इनके जीवदया के कार्यो को हम नमन करते है।

संत निलेश मुनि ने बताया की प्रताप सरनाईक जैसे राजनेता जातीवाद की भाषावाद की राजनीति खत्म करने में अग्रिम भूमिका निभाए महाराष्ट्र को प्रताप सरनाईक जैसे नेताओ की जरूरत है,क्यों की प्रजा की तकलीफों पर ध्यान देना और उनका समाधान करना यह नेता की खूबी है। निलेश मुनि ने एकनाथ शिंदे सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि देश के पहले महाराष्ट्र के



मुख्य मंत्री है जिन्होंने गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाया। प्रताप सरनाईक ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भी बात करवाई और संत निलेश चंद्रजी ने आशीर्वाद भी दिया और कहा की आप अच्छे कार्य हमारे महाराष्ट्र राज्य के लिये कर रहें हो और करते रहो। निलेश मुनि द्वारा प्रेरित जन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने फिर आज संत और सरकार के बीच अग्रिम भूमिका निभाई दोनों के बीच समाज और राज्य के लिये अच्छे कार्य हो यह चर्चा हुई। मीरा भायंदर में होने वाले एक धार्मिक कार्य में निलेश चंद्रजी को आने के लिये प्रताप सरनाईक ने मुनि को आमंत्रण भी दिया।

संत निलेश चंद्र जी,प्रताप सरनाईक,हार्दिक हुंडिया, विक्रम शिसोदिया के बीच काफ़ी धार्मिक,सामाजिक,राजनीति की चर्चा हुई। हार्दिक हुंडिया ने कहा की इस राजनीति चर्चा से राजकिय जगत में भूचाल आने के भी संकेत दिये। प्रताप सरनाईक को मुनिजी ने हनुमान जी तस्वीर भेंट की तो हार्दिक हुंडिया ने सविंधान की फ्रेम एंव तिरंगा दुप्पटा भेंट किया। संघ की तरफ़ से मंत्री जी का सम्मान भी हुआ।

# गीता जयंती पर व्याख्यान का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

संस्कृत भारती के तत्वाधान में गीता जयंती का भव्य एवं श्रद्धाभाव से परिपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चंद्रकांत शास्त्री, देवकीनंदन शास्त्री तथा पुरुषोत्तम भार्गव द्वारा श्रीमद् भगवद्गीता के विविध अध्यायों एवं जीवनोपयोगी संदेशों पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। सारगर्भित प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। कार्यक्रम में संस्कृत भारती जिला संयोजक मनोज भार्गव, लोकेश भार्गव, रजनीकांत आचार्य, नीलेश उपाध्याय, मोनू शर्मा, सुरेंद्र भार्गव, आशीष रावत, पवन चौबे, निर्मेश राजोरिया, चंद्रभान राजपूत, राजकुमार भार्गव, सुमित भार्गव सहित संस्कृत भारती के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी ने गीता के उपदेशों को समाज में आत्मसात कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मनीष भार्गव द्वारा एवं जिला संयोजक मनोज भार्गव ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने रात के गश्त में किया नगर के बाजारों व प्रमुख सड़कों का भ्रमण

### वाहन चालकों दुकानदारों हाथ ठेला लगाने वालों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर की सडकों बाजारों में अतिक्रमण की भरमार बनी रहने से हमेशा जाम लगने की परेशानियों भरी स्थिति बनती है। दुकानों का सामान सडकों तक सडकों पर चाहे जहां वाहनों को खड़ा कर देने कुछ मार्गों पर स्थाई रूप से वाहन खड़े होने और प्रमुख सडकों पर हाथ ठेला में दुकान लगाने से नगर का यातायात अस्त-व्यस्त बना रहने के कारण महिलाओं बच्चों बुजुर्गों का सडकों पर सुरक्षित पैदल चलना भी जोखिम भरा बना रहता है।

पुलिस उतरी सडकों पर दी समझाईस - टी आई कपिल गुप्ता मंगलवार की रात्रि में अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ



टॉकीज रोड बड़ा बाजार छोटा बाजार मुख्य मार्ग पर भ्रमण किया सडकों पर खड़े रहने वाले वाहनों हाथ खेलो को हटाने के साथ उन्हें ऐसा न करने की समझाईस दी गई।व्यापारीयों से चर्चा करते हुए नगर को स्वच्छ और साफ बनाने यातायात के नियमों का पालन करने इत्यादि में सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया।

**सडकों पर अतिक्रमण करने वालों को दी समझाइश**

बरेली थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया कि नगर के यातायात को व्यवस्थित रखने सडकों पर अतिक्रमण करने वालों को समझाईस दी गई। नगर को साफ-स्वच्छ रखने और यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से समझाईस दी गई इसके बाद ऐसा करने वालों का विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों की समस्याओं को देखा सुना समझा

# राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों ने बाड़ी जनपद के ग्रामों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



जिला रायसेन में राज्य सेवा के अधिकारियों के लिये संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम आरसीवीपी नरोन्हा, प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल से 6 सदस्यों का दल जिसमें डिप्टी कलेक्टर, जेलर, जिला अभियोजन अधिकारी, सहायक ट्रेजेडी ऑफिसर, नायब तहसीलदार ने जनपद पंचायत बाड़ी की ग्राम पंचायत ग्रामो में भ्रमण किया। अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत भारकच्छकला, भेसाया, समनापुर काछी, अमरावदकला, बरहाकला, छूछार, खरगोन, जामगढ़, भगदेई, चैनपुर, बेरखेडी कलां, चुरका का भ्रमण कर ग्रामीण परिवेश की जानकारी एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों के घरों पर जाकर उनकी समस्याएं पूछी और

# थाना क्षेत्र के सूचीबद्ध अपराधियों को थाने में बुलाकर दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

थाना क्षेत्र में सूचीबद्ध अपराधिक असामाजिक तत्वों को थाने बुलाया। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता एवं एसडीओपी कुंअर सिंह मुकाती ने अपराधियों से उनके कार्यों आने-जाने वाले स्थानों के संबंध में जानकारियां ली गई।

एसडीओपी कुंअर सिंह मुकाती एवं टी आई कपिल गुप्ता ने थाने आए अपराधिक तत्वों से चर्चा की उनके जीवन यापन के लिए किये जा रहे कार्यों साथियों की जानकारी लेने के साथ उनके थाने का रिकॉर्ड भी देखा गया पुलिस अधिकारियों ने अपराधों से दूरी बनाए रखने की सख्त हिदायत दी अपराधिक तत्वों बदमाशों को समझाईस दी गई कि उनके द्वारा कोई अपराधिक कार्य




किया जाता है या दुस्प्रेरण किया जाता है तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### टूटे पुल के स्थान पर पाइप डालकर हो रहा डायवर्ट मार्ग का निर्माण

# तीसरे दिन भी रहा जारी डायवर्सन मार्ग का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

**डायवर्ट मार्ग में नयागांव कलां के भीतर वाले पुराने क्षतिग्रस्त मार्ग एवं बरेली, गुरारिया, मगरदा, महेश्वर मार्ग से वाहनों का परेशानियों के बीच जोखिम भरी स्थिति में हो रहा है आवागमन**

फॉलोअप

पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कलां के पास मछवाई नाले पर बना पुल मरम्मत के दौरान सोमवार को बीच का स्लैव टूटकर गिर जाने से पिछले तीन दिनों से बरेली पिपरिया स्टेशन मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद बना हुआ है। ग्राम नयागांव कलां के भीतर वाले पुराने क्षतिग्रस्त मार्ग एवं बरेली गुरारिया मगरदा महेश्वर मार्ग से वाहनों का व मुश्किल परेशानियों के बीच जोखिम भरी स्थिति में आवागमन हो रहा है।

एमपीआरडीसी द्वारा सोमवार से ही टूटे पुल के निचले हिस्से में अस्थाई बायपास मार्ग का निर्माण किया जा रहा है।पानी निकासी के लिए पाइपों को डालकर सडक़ की एक से दूसरे और पहुंचने के बीच रास्ता बनवाने में भारी मात्रा में कोबरा डाला जा रहा है।तीन दिनों



से जेसीबी मशीन डंपर एवं रोड रोलर का उपयोग कर डायवर्सन मार्ग का युद्ध स्तर पर निर्माण में लगे रहने के बाद भी बुधवार को तीसरे दिन के बाद मार्ग पूरी तरह से नहीं बन पाया है।गुरुवार से निर्माणाधीन अस्थाई मार्ग से यातायात शुरू होने की संभावना है।

**नए पुल का होगा निर्माण**

एमपी आरडीसी के अंतर्गत आने वाले बरेली पिपरिया मार्ग का नयागांव कलां के पास लगभग 45 वर्षों पुराने पुल का 98 लाख रुपए की राशि से ठेकेदार के द्वारा मरम्मत का कार्य किया जा रहा था। पुल टूटने से एक युवक की मौत और तीन लोग घायल हुए पुल टूटने की घटना की जांच हेतु तीन सदस्सीय समिति बनी है जिसे 7 दिनों में जांच रिपोर्ट देना है। पिपरिया मार्ग पर 24 घंटे भारी यातायात रहता है। टूटे पुल के स्थान पर नए पुल का निर्माण में लगभग एक वर्ष का समय लग सकता है जब तक नया पुल नहीं बनता पिपरिया मार्ग पर यातायात की परेशानियां बनी रहेगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/निविदा/25 सिरोंज दिनांक..........

**ई-टेंडर आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है

| टेंडर क्रमाक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रू | ऑनलाईन निविदा का प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_UAD_463704_1 | वार्ड 02 न्यू बस स्टैंड से वार्ड 03 बलेजा पेट्रोल पंप तक सीसी चौड़ीकरण कार्य | 1,07,32,800 | 53,700 | 12,500/- | 04 माह |

शर्त – टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्रा किया जावेगा।
निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिरोंज**

### आरोपी के अस्पताल से स्वस्थ होने बाद पुलिस पूछताछ में उगले राज

# दरिंदा सलमान सहित पनाह देने वाले 3 सहयोगी भी पहुंचे सलाखों के पीछे

**भोपाल के निर्माणाधीन मकान में ठिकाना देने वाले ठेकेदार के साथ दो अन्य भी हिरासत में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विगत दिनों गौहरगंज के पांजरा गांव में एक 6 साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के सलमान को पुलिस ने जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। साथ ही उसके 3 सहयोगी जिन्होंने वारदात के बाद आरोपी सलमान की मदद की थी, उन्हें भी पुलिस ने दबोच कर जेल का रास्ता दिखा दिया।

बुधवार को एसपी आशुतोष गुप्ता एवं एएसपी कमलेश खरपुसे ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि आरोपी सलमान उर्फ नजर पिता शहाबुद्दीन खान जो कि शॉर्ट एनकाउंटर में घायल हो गया था। अब वह स्वस्थ है, स्वस्थ होने के बाद उससे पूछताछ की गई। जिसमें उसने बताया कि घटना के बाद उसी गांव के एक घर से 2 मोबाइल चोरी किए थे तथा वहां से वह भागता हुआ भोपाल पहुंचा था। जहां उसकी मदद ठेकेदार 30 वर्षीय जैद खान पिता सगीर खान एवं 49 वर्षीय इंसाफ हुसैन पिता होसाफ खान व 53 वर्षीय शहजाद खान पिता हुम्जा खान तीनों निवासी भोपाल ने की थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद तीनों सहयोगियों को भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है तथा कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



## पूछताछ में आरोपी ने उगला : चॉकलेट का लालच देकर ले गया था जंगल

पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान सलमान ने बताया कि बच्ची उसे सॉफ्ट टारगेट लगी थी। उसे लगता था कि पहचान नहीं होगी, इसलिए वह बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर जंगल ले गया था। जब बच्ची रोने लगी तो पकड़े जाने के डर से उसने उसके साथ मारपीट भी की। वारदात के बाद बच्चे की हालत बिगड़ती देख वह जंगल के रास्तों से भाग निकला और कई दिनों तक भोपाल की सड़कों, फुटपाथों और बाहरी इलाकों में छिपकर घूमता रहा। पहचान छिपाने के लिए वह लगातार मास्क लगाए रहा।

**बच्ची अस्पताल से डिस्चार्ज**

- एसपी ने बताया बच्ची की हालत में सुधार होने के बाद उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया है। बच्ची अब अपने घर पहुंच चुकी है।

### पूरी घटना आरोपी सलमान की जुबानी



*एसपी गुप्ता के सामने आरोपी सलमान ने सारे घटनाक्रम का खुलासा किया। उसने बताया कि वारदात के बाद उसने उसी गांव के एक घर से 2 मोबाइल भी चोरी किए। इसके बाद वह गोवर्धन के 34 मील नेशनल हाईवे पर स्थित सिगरेट चाय गुटखा की दुकान से सिगरेट खरीदी। जहां बालिका के पिता ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह दौड़ लगाकर जंगल की तरफ भाग गया और वहां जंगल में बनी एक झोपड़ी में वह समय बिताने लगा।*

**22** नवंबर को अपनी शर्ट बदलकर बस से हबीबगंज नाका पहुंचा और एक मोबाइल आरआरएल ब्रिज के नीचे नाले में फेंक दिया। इसके बाद डीआईजी बंगला होते हुए करोंद मंडी पहुंचकर एक सुनसान पुरानी बिल्डिंग में सो गया।

**23** नवंबर को काम की तलाश में उसकी मुलाकात ठेकेदार जैद खान और मकान मालिक इंसाफ हुसैन से हुई। इन दोनों ने उसे संरक्षण दिया और निर्माणाधीन मकान में 3 दिन तक मजदूरी दी, जहां वह पुलिस से बचा रहा।

**26** नवंबर को आरोपी ने अपने पास मौजूद दूसरा चोरी का मोबाइल तोड़कर उसके पुर्जे नारियल खेड़ा में शहजाद कबाड़ी को बेचे। इसके बाद शराब पी और फुटपाथ पर सो गया।

**27** नवंबर को वह गांधी नगर क्षेत्र के आसपास किराए के मकान की तलाश कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 3 दिसंबर को मुख्य आरोपी सहित संरक्षण देने वाले जैद खान, इंसाफ हुसैन, शेहजाद खान को जेल भेज दिया है।

### एक्शन मोड पर एसपी गुप्ता बोले

## गुंडों-बदमाशों को अपराध की दुनिया छोड़कर रहना होगा



**जिले के सभी थानों के रिकॉर्डशुदा अपराधियों को थाने में बुलाकर दी जा रही कड़ी समझाइश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

एसपी आशुतोष गुप्ता ने जिले में गुंडे-बदमाशों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा है कि रायसेन में रहने वाले गुंडों-बदमाशों को शरीफ बनकर और अपराध की दुनिया को छोड़कर ही रहना होगा।

एसपी के निर्देश पर बुधवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों के गुंडे-बदमाशों और रिकॉर्डशुदा अपराधियों को थाने में बुलाकर समझाइश दी गई। उन्हें भविष्य में अपराधों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। शहर के गुंडा-बदमाशों की थाने में परेड कराई गई। गुंडा-बदमाशों ने पुलिस से पूर्व में किए अपराधों के लिए माफी मांगी और भविष्य में कोई अपराध न करने की शपथ ली।

बेगमगंज थाने में 64 से अधिक चिन्हित रिकॉर्डशुदा और 9 निगरानीशुदा बदमाशों को बुलाकर भविष्य में किसी भी असामाजिक गतिविधि से दूर रहने और कोई अपराध न करने की हिदायत दी गई। पुलिस ने कहा कि अच्छा आचरण देखकर एसपी से सिफारिश कर उनके नाम बदमाश सूची से हटाए जा सकते हैं। पुलिस द्वारा स्कूलों के आसपास असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि एसपी द्वारा जिले का तूफानी दौरा लगातार जारी है और जिले को अपराध मुक्त बनाने के भरकस प्रयास किए जा रहे हैं।

### ग्रामीणों ने कहा- आवागमन में हो रही परेशानी

## शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जनपद पंचायत उदयपुरा कस्बा देवरी के समीप ग्राम पंचायत केकड़ा की सरपंच लीला बाई सहित ग्रामीणों द्वारा बुधवार कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केकड़ा निवासी पुरुषोत्तम लोधी राजाराम लोधी, मोतीलाल लोधी, रामशंकर, मुकेश लोधी ने बताया कि केकड़ा में शासकीय भूमि पर कई दबंग लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिससे ग्रामीणों को इस रास्ते में आवागमन में परेशानी खड़ी हो रही है। यदि सरकारी जमीन अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाया जाए तो यहां आसानी से सड़क का निर्माण हो जाएगा।

मुक्तिधाम का निर्माण भी नहीं हुआ है और नालियों का निर्माण विभाग की है इससे घरों का गंदा पानी आमरास्ते पर बह रहा है। किसानों को उनके खेतों और घरों तक पहुंचने के लिए सड़क भी नहीं बनी है, जिससे परेशानी होती है। घरों के आसपास भी सड़के नहीं है। सरकारी जमीन से रसूखदारों का अतिक्रमण हटाया जाए। शासकीय योजना का लाभ ग्रामीणों को मिले इसकी व्यवस्था हो। गांव में पंचायत भवन और मंगल भवन की कमी ग्रामीणों द्वारा महसूस की जा रही है।

**कार्रवाई में हीलाहवाली, मालवाहक वाहनों में सफर कर रहे यात्री, न तो यातायात पुलिस की नजर और ना ही आरटीओ को कोई फिक्र**

## हादसों से नहीं ले रहे सबक, नियम-कायदों को ताक पर रखकर चल रहे लोडिंग वाहनों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित जिले भर की सड़कों पर लोडिंग वाहन पिकअप ट्रैक्टर-ट्रालियों में क्षमता से अधिक ओवरलोड सामान भरकर बेखोफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में वाहन चालक एवं यात्री जान जोखिम में रखकर सफर करने के लिए मजबूर है। जिला परिवहन विभाग, यातायात पुलिस एवं जिम्मेदार अधिकारी भी इनको नजर अंदाज कर रही है।

जिले के ओबेदुल्लागंज और बाड़ी क्षेत्र में पिछले दिनों मजदूरों से भरी पिकअप पलट गई थी, जिसमें धान कटाई के लिए जा रहे कई मजदूर घायल हो गए थे। वहीं करीब तीन माह पहले देवनगर थाने के तहत मुड़ियाखेड़ा में भी मजदूरों से भरी एक पिकअप पलट गई थी। इसमें भी क्षमता से ज्यादा मजदूर भरे हुए थे।



बताया जा रहा है कि इन लोडिंग वाहनों में क्षमता से अधिक दोगुनी तीगुनी यात्रियों को भेड़ बकरियों की तरह भरा जा रहा है। यात्री वाहनों के अंदर और वाहनों के बाहर लटक कर जोखिम भरा सफर कर रहे हैं।

फिलहाल आवश्यकता है कि इन ओवरलोड वाहनों की बारीकी से जांच की जाए और नियम अनुसार कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लग सके।

वही क्षमता से अधिक लोगों को बैठाने वाले ऑटो अक्सर सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं, लेकिन इनको रोकने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है। शहर में माल ढुलाई वाहनों में मजदूर और यात्रियों को भरकर ले जाया जाता है यह भी बहुत बड़ी समस्या बन चुकी हैं। इसके अलावा कई सवारी ऑटो ऐसे निकलते हैं जो माल वाहक बने हुए हैं। इतना ही नहीं मोटरसाइकिलों पर भी बड़े-बड़े पाइप अन्य सामान की ढुलाई की जाती है। यह सबकुछ पुलिस खड़ी होकर तमाशा देखती रहती है।

**इनका कहना है**

ऐसे लापरवाह वाहन चालकों पर समय-समय पर कार्रवाई होती है। माल ढुलाई वाहन चालकों में लोगों को सफर करने से बचना चाहिए।
**- जगदीश सिंह भील,** आरटीओ रायसेन।

## ग्राम ढिलवार से भव्यता के साथ प्रारंभ हुई तीन दिनी चुनरी यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

**आज मां नर्मदा नदी के बौरास घाट पर होगा विशाल समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा आयोजित परंपरागत चुनरी यात्रा ने इस वर्ष एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और लोकपरंपरा की भव्य मिसाल पेश की है। मंगलवार को तहसील बेगमगंज के ग्राम ढिलवार से सुबह 11 बजे इस दिव्य यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा की शुरुआत ढोल-नगाड़ों, भगवा पताकाओं और जय माता दी, हर-हर नर्मदे के जयघोषों के साथ हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

ढिलवार से निकलते ही गांववासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, वहीं सैकड़ों श्रद्धालु चुनरी, ध्वज और कलश लेकर माता के चरणों में अपने भाव अर्पित करते चल रहे थे। यात्रा में युवाओं से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने धार्मिक उल्लास को कई गुना बढ़ा दिया। चुनरी यात्रा अपने निर्धारित मार्ग ढिलवार, पड़रिया, मबई, पिपलिया, डावरी, बिछुआ, सुनेटी, पापड़ा होते हुए आगे बढ़ी।



हर गांव में श्रद्धालुओं ने उत्साह से यात्रा का स्वागत किया। रास्ते पर पुष्प अर्पण के लिए पंक्तिबद्ध महिलाएं खड़ी थीं, तो कई स्थानों पर ग्रामीणों ने शीतल जल, फल, प्रसाद और नाश्ते की व्यवस्थाएं की। यात्रा जब सियरमऊ-सिलवानी मार्ग पर पहुंची, तो वहां भी बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए उमड़ पड़े। इसके बाद यात्रा खमेरा, ककरुआ, हीरापुर और जैतपुर से गुज़रते हुए शाम तक ग्राम मुआर पहुंची।

**मुआर में हनुमान चालीसा की गूंज से भक्ति में डूबा पूरा गांव**

मुआर में जनता द्वारा मंच और मंडप का निर्माण किया था। रात के समय पूरा गांव भक्ति-संगीत की रोशनी और ध्वनि से गूंज उठा। यहां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, विजय मंत्र और भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को धार्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह का यह संगम देखने वालों को आत्मिक सुकून देने वाला था।

बुधवार को सुबह 7 बजे आरती के बाद यात्रा पुनः प्रारंभ हुई। यात्रियों ने हाथों में भगवा ध्वज, चुनरी और पताका लेकर आगे बढ़ते हुए हर-हर नर्मदे के जयघोष किए। वहीं आज गुरुवार को मां नर्मदा के बौरास घाट पर चुनरी यात्रा का चरण पूर्ण होगा। यहां पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ-अनुष्ठान, चुनरी व कलश का नर्मदा तट पर विशेष पूजन, सामूहिक भंडारा के साथ पूर्णाहुति की जाएगी।

## तालाबनुमा गड्ढे वाले रास्ते से होकर निकलना ग्रामीणों को बना परेशानी

### तालाब नुमा गड्ढे में अभी तक कई लोग गिरकर हो चुके घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कढ़ैया, निनोद, सरार, आनंदपुरा और सिंगरामपुर, के ग्राम वासी कई वर्षों से रोड के लिए तरस रहे थे जैसे-तैसे रोड बनकर तैयार भी हो गया। लेकिन बरजोरपुर रोड में गहरा तालाब नुमा गड्ढा होने के कारण पूरे साल भर पानी भरा रहता है। जिससे आने-जाने वाले ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण सोनू पिता हमीर सिंह ने बताया कि बरजोरपुर मार्ग में तालाब नुमा गड्ढा हो गया है। इस गड्ढे में पानी भरा हुआ है, जब हम लोग गाड़ी लेकर निकलते हैं तो गाड़ी का पूरा पहिया उस गड्ढे में धंस जाता है जिससे गिरने की संभावना ज्यादा होती है। आज ही में अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहा था तभी मैं गाड़ी समेत इस गड्ढे में गिर गया। वह तो गनीमत रही कि मुझे और मेरे बच्चे को कोई चोट नहीं लगी है।



ग्रामीणों ने कहना है कि हमने कई बार पंचायत और आला अधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन सभी बस आश्वासन देकर समस्या का हल नहीं किया।

## श्रीराम लीला के पांचवें दिन राजा दशरथ ने पुत्र वियोग में त्यागे प्राण

### दृश्य को देखकर भावुक हो गए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

ग्राम अंबाडी में चल रही श्रीरामलीला के पांचवें दिन गणेश मंदिर के मंच पर राजा दशरथ अपने पुत्र श्रीराम के वियोग में प्राण त्यागने का मंचन किया गया। मंचन में बताया गया कि अयोध्या में श्री राम के राज्याभिषेक की तैयारियां चल रही हैं। हर तरफ खुशी का माहौल है। इस बीच महाराज दशरथ को सूचना मिलती है कि महारानी कैकेयी कोप भवन में हैं। ये सुनकर महाराज दशरथ उन्हें मनाने के लिए वहां पहुंचते हैं। कैकेयी उन्हें उनके वचनों को याद दिलाती है। इसी दौरान दोनों में संवाद शुरू होता है। कैकेयी महाराजा दशरथ से पुत्र श्रीराम को वन और भरत को अयोध्या का राजा बनाने की मांग रखती है।




ये सुनकर राजा दशरथ के पैरों तले जमीन खिसक जाती है। जब यह बात भगवान राम को पता चलती है कि तो वह खुशीपूर्वक वन जाना स्वीकार कर लेते हैं। श्रीराम के साथ वन जाने के लिए माता सीता व लक्ष्मण भी तैयार हो जाते हैं। तीनों ने जब वन के लिए प्रस्थान किया तो पूरी अयोध्या नगरी रो पड़ती है। यह दृश्य देखकर पंडाल में मौजूद दर्शक भी भावुक हो गए।

### विश्व दिव्यांगजन दिवस पर रायसेन में हुआ कार्यक्रम आयोजित

## आत्मविश्वास के बल पर दिव्यांग भी रचते है कीर्तिमान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिनके मन में कुछ कर दिखाने का जज्बा हो, पक्का इरादा हो वह कभी किसी बाधा से नहीं घबराते। जब दिव्यांग अपने मन में कुछ करने की ठान लेते हैं, पूरी लगन और मेहनत से प्रयास करते है तो वह जीवन में उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करके समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनते हैं। अनेक दिव्यांगजनों ने अपनी मेहनत और दृढ़ निश्चय से सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह बात कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने विश्व दिव्यांगजन दिवस पर रायसेन स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित दिव्यांगजनों के कौशल एवं सामर्थ्य प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि कि दिव्यांगजनों में बहुत सी प्रतिभाएं होती है। बस जरूरत होती है तो उस प्रतिभा को पहचानने की और निखारने की। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा जिस प्रकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, निश्चित ही वह सामान्य बच्चों से किसी भी प्रकार से कम नहीं है।




कलेक्टर ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दिव्यांगजनों से कहा कि निरंतर प्रयास से ही परिणाम मिलते है। हारना-जीतना उतना मायने नहीं रखता है जितना निरंतर खेलते रहना। निरंतर खेलते रहने वाले ही विजेता होते हैं। दिव्यांगजनों को इस प्रकार की गतिविधियों, कार्यक्रमों में सहभागिता करते रहना चाहिए इससे उनका उत्साहवर्धन होता है, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ाने की दिशा में सदैव कार्य करना चाहिए।

खेल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें दिव्यांग बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मनमोहक और आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा खेल विभाग के अधिकारी, दिव्यांगजन तथा नागरिक उपस्थित रहे।

**दिव्यांगजनों द्वारा बनाई गई सामग्री की लगाई प्रदर्शनी**



कार्यक्रम स्थल पर जिज्ञासा समाज कल्याण सेवा समिति सहित अन्य संस्थाओं के दिव्यांगजनों द्वारा तैयार की गई सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई। कलेक्टर ने दिव्यांगजनों द्वारा तैयार की गई सामग्रियों का अवलोकन करते हुए की सराहना की। उन्होंने दिव्यांगजनों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन भी किया।